22.06.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर समय 18.30

प्रादेशिक समाचार

- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में नई दिल्ली में हुई बजट पूर्व चर्चा में उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दिया कुमारी ने राज्य के विकास से जुडे मुद्दे केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखे।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा –प्रदेश सरकार नारी शक्ति के उत्थान और चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही है।
- प्रदेश में 'विश्व ऊँट दिवस' के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित।
- राज्य में मानसून पूर्व बारिश का दौर जारी–ज्यादातर स्थानों पर दिन और रात के तापमान में गिरावट।

000

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आज नई दिल्ली में आयोजित बजट पूर्व चर्चा में प्रदेश की उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दिया कुमारी शामिल हुई। दिया कुमारी ने राजस्थान की जनता से जुड़े विकास के मुद्दों को केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखा। बैठक के दौरान दिया कुमारी ने राजस्थान के 21 जिलों की जीवनदाई रेखा साबित होने वाली 'पूर्वी राजस्थान कैनाल परियोजना' को जल्द ही मूर्त रूप देने के सभी आयामों को विस्तार से केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने राजस्थान में संचालित 'जल जीवन मिशन' की प्रगति और इस मिशन को अधिक मजबूती देने तथा जल्द ही इसके लक्ष्यों को हासिल करने के लिए राजस्थान सरकार के प्रयासों के बारे में जानकारी देते हुए केंद्र सरकार से और अधिक सहयोग की मांग रखी। दिया कुमारी ने बताया कि उन्होंने केंद्रीय मंत्री के समक्ष राजस्थान में लंबित 3 प्रमुख रेल परियोजनाओं' को जल्द ही मूर्त रूप देने के विषय को भी रखा। प्रदेश में नए राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण और उनके सुदृढ़ीकरण को लेकर भी केंद्रीय मंत्री से बैठक के दौरान चर्चा की गई। दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी केंद्रीय सहयोग आवश्यक है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि आधी आबादी के योगदान के बिना देश और प्रदेश सशक्त नहीं बन सकता इसलिए प्रदेश सरकार नारी शक्ति के उत्थान और चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं को बराबर के अधिकार और अवसर मिलना आवश्यक है।

श्री शर्मा आज मुख्यमंत्री निवास पर राज्य में तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में महिलाओं का आरक्षण बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने पर नारी शक्ति द्वारा अभिनन्दन और आभार समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान श्री शर्मा ने कहा कि महिला सशक्तीकरण आर्थिक स्वतंत्रता तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह सामाजिक, शैक्षिक और राजनीतिक क्षेत्र में भी महिलाओं को समान अवसर प्रदान करने की बात करता है क्योंकि महिलाएं सशक्त होंगी तो वे परिवार और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगी।

-------------------

श्री शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में प्रदेश महिला अत्याचार के मामलों में अव्वल हो गया था। महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस करती थीं लेकिन उनकी सरकार ने महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए 'एंटी रोमियो स्क्वाड' का गठन किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के युवाओं को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि सरकार बेटियों के साथ ही उन्हें भी आगे बढ़ने के पूरे अवसर उपलब्ध करवाएगी। आगामी दिनों में राज्य के विभिन्न विभागों में खाली पदों पर चरणबद्ध तरीके से भर्ती परीक्षाएं आयोजित कर उन्हें भरा जाएगा। इसके अलावा प्रदेश में स्थापित होने वाले उद्योगों में भी युवाओं को रोजगार के भरपूर अवसर मिलेंगे।

000

केन्द्रीय विधि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार अर्जुनराम मेघवाल ने कहा है कि एक जुलाई से देश में लागू होने जा रहे तीन नये आपराधिक कानूनों से न्याय व्यवस्था में व्यापक बदलाव आयेगा। आज जयपुर में पत्रकारों से बातचीत में श्री मेघवाल ने कहा कि इन कानूनों के क्रियान्वयन के लिये सम्बद्ध अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन कानूनों के लागू होने से आमजन को बड़ी सुविधा मिलेगी।

--------------------

000

आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में तीन नये आपराधिक कानूनों के बारे में जागरुकता लाने के उद्देश्य से श्रृंखला चलायी जा रही है। इसके तहत आज हम आपको भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 में गवाहों के संरक्षण के बारे में किये गये प्रावधान के बारे में बता रहे हैं। एक मील के पत्थर के रूप में, गवाह संरक्षण योजना को धारा 398 के तहत वैधानिक कानून में स्थापित किया गया है। इससे पीड़ित या गवाह को एक सुरक्षित माहौल में काम करने में मदद मिलेगी और वे प्रताड़ना के भय, धमकी या किसी अनुचित लाभ के लालच के बिना कानूनी कार्यवाही में हिस्सा ले सकेंगे।

0000

केंद्र द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिए बनाया गया सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों की रोकथाम कानून 2024 आज से लागू हो गया है। इसके तहत प्रतियोगी परीक्षा में धोखाधड़ी रोकने के लिए कम से कम तीन से पांच साल की सज़ा का प्रावधान किया गया है।
साथ ही धोखाधड़ी के संगठित अपराधों में शामिल लोगों को पांच से दस साल की सज़ा और न्यूनतम 1 करोड़ रुपये का जुर्माना होगा। गौरतलब है कि लोकसभा और राज्यसभा ने पिछली फरवरी में इस विधेयक को पारित किया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी के बाद ये विधेयक कानून में बदल गया। संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए, रेलवे भर्ती बोर्ड, बैंकिंग भर्ती परीक्षा निकायों और अन्य सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों को रोकने के लिए यह कानून बनाया गया है।

000

यूजीसी–नेट जून 2024 परीक्षा अपरिहार्य परिस्थितियों और लॉजिस्टिक व्यवस्था के कारण स्थगित कर दी गयी है। यह परीक्षा 25 से 27 जून के बीच होने वाली थी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी–एनटीए ने कहा कि संशोधित कार्यक्रम आधिकारिक वेबसाइट पर घोषित किया जाएगा। एनटीए ने कहा है कि किसी भी प्रश्न या स्पष्टीकरण के लिए अभ्यर्थी एनटीए हेल्प डेस्क नम्बर 011–40759000 और 011–69227700 पर कॉल कर सकते हैं। इसके अलावा ईमेल करके लिखित जानकारी ली जा सकती है।

000

-------------------

राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र बीकानेर द्वारा आज 'विश्व ऊँट दिवस' के उपलक्ष्य पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें मुख्य रूप से ऊंट दौड़ प्रतियोगिता, ऊँट साज–सजावट प्रतियोगिता आकर्षण का केन्द्र रहे । वहीं इस अवसर पर केन्द्र द्वारा स्टेक होल्डर्स के साथ एक परिचर्चा और प्रदर्शनी कार्यक्रम भी आयोजन किया गया ।
इस दौरान उपस्थित विदेशी पर्यटकों ने भी अपने विचार रखे। बाद में ऊंट पालकों के साथ संवाद भी कायम किया गया और उन्हें ऊंटों के रख–रखाव और संवर्धन को लेकर जानकारी दी गई। ऊंट दिवस के उपलक्ष में अलवर, में राइका गौरव दिवस मनाया गया। इस दौरान रैली भी निकाली गई जिसे केन्द्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव और राज्य के वन मंत्री संजय शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पाली में भी आज ऊंट दिवस के उपलक्ष में वीर हडमल राईका समाज द्वारा ऊंट संरक्षण को लेकर शोभायात्रा निकाली गई। साथ ही ऊंट संरक्षण के लिये संगोष्ठी भी हुई। जैसलमेर के अचला गांव में भी ऊंट दिवस मनाया गया।

000

प्रदेश में मानसून पूर्व बारिश का दौर जारी है। आज भी कई जिलों में आंधी और तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गयी है। जैसलमेर, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, धौलपुर, जालौर, सिरोही बीकानेर जिलों में कहीं कहीं तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश के समाचार हैं। कुछ जगहों पर तेज बारिश भी हुई है। पिछले दो–तीन दिन से हो रही बरसात से प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया है। मौसम विभाग के अनुसार आज बीकानेर, जोधपुर, जयपुर, उदयपुर, अजमेर और कोटा संभाग के कुछ हिस्सों में बारिश की गतिविधियां जारी रहेंगी। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार उदयपुर, कोटा, जोधपुर और अजमेर संभाग के कुछ भागों में आगामी 3–4 दिन मेघगर्जन–बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है।
बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ हिस्सों में आगामी दो–तीन दिन बारिश की गतिविधियों में कमी होने तथा तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी होने की संभावना है।

000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने आज अजमेर में जवाहरलाल नेहरू अस्पताल का निरीक्षण किया। हमारी अजमेर संवाददाता ने बताया कि इस दौरान श्री देवनानी ने अस्पताल में विभिन्न जांच सुविधाओं और मशीनों के संबंध में जानकारी ली।

000

भरतपुर के जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव ने अवैध खनन की रोकथाम के संबंध में अधिकारियों की बैठक लेकर समन्वय के साथ अवैध खनन के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने अवैध खनन के संभावित क्षेत्रों में तारबंदी करने के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद रखने, अवैध खनन कार्यों में लिप्त वाहनों को सीज करने, अवैध खनन क्षेत्र को चिन्हित कर सर्वे कराने के निर्देश दिये। इसी तरह बाड़मेर जिले के कलेक्टर निशांत जैन ने ग्राम पंचायत जसाई में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, आयुर्वेद चिकित्सालय, पशु चिकित्सालय और उचित मूल्य की दुकान तथा ग्राम पंचायत मारूड़ी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का आकस्मिक अवलोकन किया। इस दौरान ज़िला कलेक्टर ने अस्पताल में भर्ती मरीज़ों के हाल–चाल जाने। हनुमानगढ़ के जिला कलेक्टर कानाराम ने भादरा तहसील की ग्राम पंचायत झांसल में रात्रि चौपाल लगाई। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों का उनके निपटारे के निर्देश दिऐ।

000